ANNUAL EXAMINATION

Question Paper 2023

NCERT BASED SYLLABUS

FOR CBSE AND STATE BOARD
FOLLOWING NCERT

aglasem.com

ANNUAL EXAMINATION (2022-23)

Class - VI | **Subject – Hindi**
Time – 3 Hours | **Maximum Marks- 80**

निर्देश – (i) इस प्रश्न पत्र के दो खंड है – खंड 'अ' और 'ब'
(ii) सभी प्रश्नों के उत्तर यथाक्रम क्रमशः लिखें।

खण्ड 'अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न (1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर चुनकर लिखें:– (1X5=5)

(क) ईसा मसीह ने लोगों को प्रेम और भाई–चारे का संदेश दिया। ईसाई उन्हें परमात्मा का दूत मानते हैं। ईसा मसीह ने कहा था कि – ''पाप से घृणा करो , पापी से नहीं।'' उन्होंने गरीबों, दलितों और रोगियों का उपचार किया। ईसा मसीह के अनुयायी उनका जन्मदिन बड़े उत्साह से मनाते हैं। लोग अपने घरों एवं गिरजाघरों को सजाते हैं। एक–दूसरे को बधाई–पत्र भेजते हैं। इस त्योहार के दिन घर के कोने में 'क्रिसमस ट्री' सजाया जाता है। एक बूढ़ा व्यक्ति सांताक्लाज बनकर बच्चों के लिए मिठाइयाँ एवं उपहार लाता है। क्रिसमस एकता और मानवता का संदेश देता है।

(i) ईसा मसीह ने लोगों को क्या संदेश दिया?
(क) प्रेम का (ख) प्रेम और भाई–चारे का (ग) उत्साह का (घ) कोई नहीं

(ii) ईसा मसीह किससे घृणा करने को कहते थे?
(क) पाप का (ख) पापी (ग) क्रोध (घ) झूठ

(iii) किस त्योहार के दिन 'क्रिसमस ट्री' को सजाया जाता है?
(क) होली (ख) दीपावली (ग) क्रिसमस (घ) ईद

(iv) बच्चों के लिए उपहार कौन लाता है?
(क) माँ (ख) भाई (ग) ईश्वर (घ) संताक्लाज

(v) ईसा मसीह को ईसाई किसका दूत मानते हैं?
(क) माता–पिता का (ख) आत्मा का (ग) गुरू का (घ) परमात्मा का

(ख) अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **(1X5=5)**

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह सभी कार्य अपने आप नहीं कर सकता। वह अनेक कार्यों में दूसरों की सहायता लेता है तो उसे भी दूसरों की मदद करनी पड़ती है। सहायता के इस प्रकार के आदान–प्रदान के अभाव में समाज जीवित नहीं रह सकता। समाज में रहकर व्यक्ति अनेक लोगों के संपर्क में आता है। उनमें से कुछ लोग अच्छे होते हैं, तो कुछ बुरे। मनुष्य पर सभी प्रकार के लोगों का थोड़ा या बहुत प्रभाव अवश्य पड़ता है। पर यह बात स्पष्ट है कि बुरे लोगों की संगति में रहने पर उस पर बुरा तथा अच्छे व्यक्ति के संपर्क में आने का अच्छा प्रभाव पड़ता है। इसीलिए किसी ने ठीक ही कहा है 'खरबूजे को देखकर खरबूजा रंग बदलता है।' व्यक्ति को चाहिए कि वह अच्छे लोगों के साथ उठे–बैठे और अच्छा फल प्राप्त करे जिससे न केवल अपना बल्कि समाज एवं देश का भी हित हो सके।

schools.aglasem.com
aglasem.com

(i) मनुष्य को सामाजिक प्राणी कहा गया है, क्योंकि –
(क) वह समाज में रहता है (ख) वही सभी कार्य अपने आप नहीं कर दूसरों की सहायता लेता है
(ग) वह समाज से दूर रहता है (घ) कोई नहीं

(ii) व्यक्ति के लिए अपना, समाज का तथा देश का हित करने के लिए क्या करना चाहिए –
(क) अपना काम करना (ख) पड़ोसी से अच्छा संबंध रखना
(ग) अच्छे लोगों की संगति (घ) स्वार्थी होना

(iii) समाज पर बुरे लोगों की संगति का ––––– प्रभाव पड़ता है।
(क) बुरा (ख) अच्छा (ग) प्रभावशाली (घ) क्षणिक

(iv) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा –
(क) खरबूजा (ख) मनुष्य सामाजिक प्राणी (ग) कुसंगति (घ) देश

(v) योजक चिह्न वाले शब्द छाँटे :–
(क) लोगों (ख) आदान–प्रदान (ग) में (घ) बहुत

प्रश्न (2) (i) कौन–सा शब्द स्त्री या पुरूष दोनों के लिए समान रूप से प्रयोग किया जाता है? (1X20=20)

(क) राष्ट्रपति (ख) वृद्ध (ग) बालिका (घ) लेखिका

(ii) संघर्ष करना अर्थ किस मुहावरे के लिए उचित है?
(क) लट्टू होना (ख) लोहे के चने चबाना (ग) जी छोटा करना (घ) पानी–पानी होना

(iii) निम्नलिखित शब्द समूहों में से कौन–सा शब्द समूह किनारा का पर्यायवाची है?
(क) तट,दुख,सोम (ख) तीर,तट,गर्व (ग) तीर,तट,कूल (घ) कोई नहीं

(iv) शुद्ध वर्तनी वाले शब्द छाँटे।
(क) उन्नति (ख) उननति (ग) उननती (घ) अन्नति

(v) दाँत खट्टे करना मुहावरे का अर्थ है –
(क) हैरान होना (ख) हरा देना (ग) हार जाना (घ) माफ़ी माँगना

(vi) निर्बल शब्द में कौन–सा उपसर्ग है?
(क) बल (ख) निर् (ग) नि (घ) कोई नहीं

(vii) जिन संज्ञा शब्दों से धातु, पदार्थ, द्रव्य आदि का बोध होता है, वे ––––––– संज्ञा कहलाते हैं।
(क) जातिवाचक (ख) व्यक्तिवाचक (ग) भाववाचक (घ) द्रव्यवाचक

(viii) 'उत्' उपसर्ग से बना सही शब्द है –
(क) अभियोग (ख) उपकार (ग) उत्थान (घ) अवरोह

(ix) पुरूष शब्द का भाववाचक संज्ञा ––––––––– है।
(क) पुरूषता (ख) पुरुषत्व (ग) देवत्व (घ) पशुत्व

(x) निम्नलिखित शब्द के उचित बहुवचन रूप छाँटे।
कला –
(क) कलाए (ख) कलाएँ (ग) काल (घ) सभी

schools.aglasem.com
aglasem.com

(xi) अंबर का अनेकार्थक शब्द ––––– है।
(क) ईश्वर (ख) अमर (ग) आकाश (घ) दिशा

(xii) ––––––– सफल होते हैं जबकि आलसी असफल।
(क) उद्यमी (ख) ऐच्छिक (ग) उद्योग (घ) उत्साह

(xiii) कौन–सा अनेकार्थक शब्द समूह उत्सर्ग का सही समूह है?
(क) त्याग,कपड़ा,गोद (ख) दान,त्याग,गोद (ग) त्याग,दान,सोना (घ) त्याग,दान,समाप्ति

(xiv) दिन शब्द का तत्सम रूप है –
(क) दिवाक़र (ख) दीन (ग) दिवस (घ) दिवाकर

(xv) दादी का कहानी सुनाना भाषा का –––––––– रूप है।
(क) मौखिक (ख) लिखित (ग) संज्ञा (घ) कोई नहीं।

(xvi) य, र, ल, व ––––––––– होते हैं।
(क) उष्म व्यंजन (ख) प्लुत स्वर (ग) अंतःस्थ व्यंजन (घ) संयुक्त व्यंजन

(xvii) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द छाँटें –
कम बोलता हो –
(क) मातृभाषा (ख) मितभाषी (ग) मधुर वचन (घ) मीठी वाणी

(xviii) जिन क्रियाओं का फल कर्ता पर पड़ता है, उसे –––––––– कहते हैं।
(क) क्रिया (ख) कर्म (ग) अकर्मक क्रिया (घ) सकर्मक क्रिया

(xix) देश में प्रचलित आम बोल–चाल की भाषा के शब्द जिनका हिंदी में प्रयोग किया जाता है, ––––– शब्द कहलाते हैं।
(क) तत्सम (ख) तद्भव (ग) देशज (घ) विदेशज

(xx) परी खाना खा रही है – वाक्य क्रिया के किस भेद का उदाहरण है?
(क) अकर्मक (ख) सकर्मक (ग) काल (घ) कोई नहीं

प्रश्न (3) निम्नलिखित काव्यांशों को पढ़कर उन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दें:– (1X5=5)

एक से एक मिले तो कतरा,
बन जाता है दरिया।
एक से एक मिले तो जर्रा,
बन जाता है सेहरा।
एक से एक मिले तो राई,
बन सकती है परबत।
एक से एक मिले तो इंसाँ,
बस में कर ले किस्मत।

(i) क्या मिलने से दरिया का रूप बन जाता है?
(क) हवा (ख) पानी की बूँद (ग) सागर (घ) राई

schools.aglasem.com
aglasem.com

(ii) 'जर्रा' शब्द का अर्थ है –
(क) धूल (बालू) का कण (ख) पानी की बूँद (ग) थोड़ा (घ) पर्वत
(iii) इस काव्यांश के कवि हैं –
(क) केदारनाथ अग्रवाल (ख) शमशेर बहादुर सिंह
(ग) साहिर लुधियानवी (घ) सुमित्रा नंदन पंत

(iv) मिलकर कार्य करने से मनुष्य किसे वश में कर सकता है?
(क) देश को (ख) परिवार का (ग) मित्र को (घ) किस्मत को

(v) राई के एकत्र होने से क्या बन जाता है?
(क) पर्वत (ख) आकाश (ग) दरिया (घ) वृक्ष

प्रश्न (4) निम्नलिखित गद्यांशों को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **(1X5=5)**

मैं भोजपत्र के पेड़ की चिकनी छाल और चीड़ की खुरदरी छाल को स्पर्श से पहचान लेती हूँ। वसंत के दौरान, मैं टहनियों में नई कलियाँ खोजती हूँ। मुझे फूलों की पँखुड़ियों की मखमली सतह छूने में अपार आनंद मिलता है।

(i) लेखिका भोजपत्र की ––––– छाल को स्पर्श कर पहचान लेती थी ।
(क) चिकनी (ख) खुरदरी (ग) सूखी (घ) कोई नहीं

(ii) इस गद्यांश के रचनाकार हैं –
(क) प्रेमचंद (ख) हेलेन केलर (ग) जयंत विष्णु (घ) विष्णु प्रभाकर

(iii) लेखिका चीज़ों को कैसे पहचानती है?
(क) सूँघकर (ख) अनुमान लगाकर (ग) स्पर्श कर (घ) तीनों सही हैं

(iv) चीड़ की छाल –––––––– होती है।
(क) चिकनी (ख) मुलायम (ग) सूखी (घ) खुरदरी

(v) लेखिका किस ऋतु में नई कलियाँ खोजती थीं?
(क) गरमी (ख) सरदी (ग) वर्षा (घ) वसंत

खण्ड 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न (5) निम्नलिखित अति लघुउत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए :– **(1X3=3)**

(क) 'वह चिड़िया' कविता में चिड़िया को किन–किन चीज़ों से प्यार है?
(ख) किन वाद्य यंत्रों से लोकगीत गाए जाते हैं?
(ग) कविता के आधार पर बताएँ कि छोटी लड़की को चाँद में क्या बीमारी दिखाई देती है?

प्रश्न (6) प्रश्नों के उत्तर दें :– **(2X4=8)**

(i) अंडों के बारे में केशव और श्यामा के मन में किस तरह के सवाल उठ रहे थे?
(ii) लंदन में भोज पर बुलाए जाने गाँधी जी ने क्या किया?
(iii) बाँस को बूढ़ा कब कहा जाता है? बूढ़े बाँस में कौन–सी विशेषता होती है जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती?
(iv) कविता के अनुसार माँ बालिका के लिए क्या–क्या करती है?

schools.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न (7) दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए :– **(3X3=9)**

(क) 'ऐसे–ऐसे' पाठ किसके द्वारा लिखी गई है? मास्टर साहब ने मोहन के पेट दर्द का कारण क्या बताया?
(ख) गाँधी जी किस आश्रम में रहते थे? आश्रम में गाँधी जी कई ऐसे काम भी करते थे, जिन्हें आमतौर पर नौकर–चाकर करते हैं। पाठ में आए ऐसे प्रसंगों को अपने शब्दों में लिखें।
(ग) बाँस के विभिन्न उपयोगों से संबंधित जानकारी देश के किस भू–भाग के संदर्भ में दी गई है? बाँस की बुनाई मानव के इतिहास में कब आरंभ हुई।

प्रश्न (8) बाल राम कथा आधारित किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए :– **(2X5=10)**

(i) अयोध्या नगर किस नदी के किनारे बसा था? राजा दशरथ अयोध्या का युवराज किस बनाना चाहते थे?
(ii) भरत ने क्या–क्या भयानक सपने देखे?
(iii) सुग्रीव ऋष्यमूक पर्वत पर क्यों रहता था?
(iv) सीता ने अपने गले का हार हनुमान को ही क्यों दिया?
(v) महेन्द्र पर्वत की विशेषताएँ लिखिए।
(vi) विभीषण राम का सान्निध्य पाना क्यों चाहते थे?
(vii) जटायु एवं रावण के बीच के संघर्ष का वर्णन करें।
(viii) राम चित्रकूट में क्यों नहीं रहना चाहते थे?

प्रश्न (9) किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें :– **(5)**

(क) खेल–कूद का महत्त्व
भूमिका – महत्त्व, हानि, निष्कर्ष

(ख) गणतंत्र दिवस (26 जनवरी)
भूमिका – महत्त्व, उपसंहार

(ग) वृक्षों का महत्त्व
भूमिका – महत्त्व, निष्कर्ष

प्रश्न (10) किसी एक पर पत्र लिखें:– **(5)**

मोबाइल से दूर रहने के लिए छोटे भाई को सलाह देते हुए पत्र लिखिए।
या
जन्म दिन के अवसर पर मित्र को निमंत्रण पत्र लिखिए।

---

schools.aglasem.com
AglaSem Earn while Learn Program. Send your papers and get paid.
Contact: support@aglasem.com
aglasem.com